आज

कौशाम्बी

प्रयागराज, मंगलवार २७ अक्तूबर, २०२६

डम्पर से कुचलकर किशोर की मौत

किशोर को ५० मीटर तक घसीट ले गया डम्पर, इकलौते बेटे की मौत से परिवार में कोहराम, दोस्तों के साथ मार्निंग वाक पर निकला था कृष्णा

कौशाम्बी। नगर कोतवाली क्षेत्र के ओसा चौराहे के पास सोमवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में १४ वर्षीय किशोर की मौत हो गई। तेज रफ्तार डंपर ने किशोर को टक्कर मार दी। हादसे के बाद वह वाहन में फंसकर करीब ५० मीटर तक घसीटता चला गया। गंभीर रूप से कुचलने के कारण किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेने के साथ ही चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है।

कोखराज के कसिया-ककोढ़ा निवासी मिथलेश केसरवानी का १४ वर्षीय बेटा कृष्णा पिछले दो साल से ओसा चौराहा स्थित अपने नाना शीतल केसरवानी के घर पर रहकर पढ़ाई करता था। सोमवार सुबह करीब ६:३० बजे वह अपने दोस्तों के साथ मॉर्निंग वॉक पर निकला था। वापस लौटते समय एमवी स्कूल के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद किशोर डंपर के पहिए में फंस गया और वाहन उसे करीब ५० मीटर तक घसीटता ले गया। हादसे में उसका



मृतक के रोते-बिलखते परिजन ।

सिर पूरी तरह से कुचल गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसा देख स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। दुर्घटना को अंजाम देकर भाग रहे डंपर चालक को पकड़ लिया गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कृष्णा परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी एक बहन भी है। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर विनीत सिंह ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चालक को पकड़ लिया गया है। डंपर को कब्जे में लेकर मामले की जांच की जा रही है।

हैण्डपम्प से पानी बहाने के विवाद में महिला पर जानलेवा हमला

चायल,कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के लोहरा गांव में रविवार की देर रात हैंडपंप से पानी बहने के पुराने विवाद को लेकर एक महिला पर पड़ोसियों ने जानलेवा हमला कर दिया। घर में अकेली पाकर दबंगों ने महिला के साथ मारपीट की। पीडिता ने किसी तरह घर के अंदर भागकर अपनी जान बचाई और कुंडी लगा ली जिस पर आरोपियों ने घर के पीछे की दीवार तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की। शोर-शराबा सुनकर ग्रामीणों को जुटता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

लोहरा निवासी सोनिया देवी पत्नी शिवलाल रविवार की रात अपने घर में अकेली थीं। रात करीब ११:३० बजे हैंडपंप और रास्ते पर पानी बहाने की बात को लेकर पड़ोसियों से उनका विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि विपक्षियों ने सोनिया देवी को घेरकर लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। हमले से बचने के लिए महिला जैसे-तैसे भागकर अपने घर के भीतर घुसी और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। इससे बौखलाए आरोपियों ने घर के पिछले हिस्से की दीवार तोड़कर अंदर दाखिल होने का प्रयास किया। महिला की चीख-पुकार सुनकर जब गांव के तमाम लोग मौके की तरफ दौड़े तो खुद को घिरता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले।घटना की सूचना मिलते ही संदीपन घाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल महिला को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीडिता की लिखित तहरीर के आधार पर एक नामजद तथा तीन अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल और आरोपियों की तलाश में जुटी है।

हिसामपुर परसखी में निकाली गयी कलश यात्रा

टेढ़ीमोड़,कौशाम्बी। सिराथू क्षेत्र अंतर्गत हिसामपुर परसखी में शिव हनुमान मंदिर सेवा संस्थान ट्रस्ट के तत्वावधान में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। धार्मिक आस्था और उत्साह के साथ निकाली गई इस कलश यात्रा के संपन्न होने पर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। आयोजन में मुख्य अतिथि श्री अतुल जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कलश यात्रा का आयोजन शिव हनुमान मंदिर सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। धार्मिक आयोजन के माध्यम से क्षेत्र में भक्ति, सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव का संदेश देखने को मिला। आयोजन को सफल बनाने में ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर ट्रस्ट के संरक्षक



कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं।

अमरीश पाण्डेय (कुब्ली महाराज), अध्यक्ष मनीष पाण्डेय, उपाध्यक्ष अशोक पाण्डेय, सचिव सुनील पाण्डेय एवं कोषाध्यक्ष सुरजीत साहू सहित समस्त ग्रामवासी और क्षेत्रवासी आयोजन में सहयोगी रहे। कलश यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न होने पर आयोजक मंडल ने सभी सहयोगियों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

सकाढ़ा तिराहे पर किराना दुकान फूंकी,सामान जलकर राख

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के सकाढ़ा तिराहे पर रविवार तड़के अज्ञात व्यक्ति ने किराना दुकान में आग लगा दी। इससे गुमटी में रखा सामान और कोल्ड ड्रिंक्स का फ्रीजर जलकर राख हो गया। पीड़ित दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रयागराज के नवाबगंज थाना क्षेत्र के मुबारकपुर निवासी फौजुल अजीम सकाढ़ा तिराहे पर किराना की दुकान चलाते हैं। उन्होंने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि २५ अक्तूबर की सुबह करीब चार बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी दुकान में आग लगा दी। आग से पान, सुपारी, तंबाकू, चाय सामग्री, परचून का सामान और कोल्ड ड्रिंक्स का फ्रीजर जलकर नष्ट हो गया। घटना में उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित के मुताबिक, दुकान के सामने सीसीटीवी कैमरा लगा है, जिससे आग लगाने वाले की पहचान हो सकती है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। उपनिरीक्षक शाह आलम खान को जांच सौंपी गई है। अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

बिजली का पोल तोड़कर मकान में घुसी धान लदी ट्रक

कौशाम्बी। नगर पंचायत पूरब-पश्चिमशरीरा के मां झारखंडी नगर में रविवार रात धान लदा ट्रक अनियंत्रित होकर एक मकान में जा घुसा। ट्रक मकान में घुसने के बाद पलट गया। हादसे में मकान का अधिकांश हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहां लगा बिजली का खंभा भी टूट गया। हादसे में ट्रक चालक और खलासी को चोटें आई हैं।

करारी कस्बे से धान लादकर एक ट्रक, मध्य प्रदेश जा रहा था। रविवार रात पश्चिमशरीरा कस्बे के मां झारखंडी नगर के पास मोड़ पर पहुंचते ही चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद तेज रफ्तार ट्रक सीधे प्रेम तिवारी के मकान में जा घुसा और पलट गया। अचानक तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। कुछ ही देर में घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। लोगों ने ट्रक में फंसे चालक और खलासी को निकाला गया। ट्रक की टक्कर से मकान को काफी नुकसान पहुंचा। वहीं, बिजली का खंभा टूटने से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई। थाना प्रभारी पश्चिमशरीरा बैकुंठनाथ पांडेय ने जेसीबी की मदद से ट्रक को मकान के बाहर कराया। चालक व खलासी की हालत इलाज के बाद खतरे से बाहर बताई जा रही है।

युवती के मंगेतर को धमकी दे रहा सिरफिरा

कौशाम्बी। एक युवती के मंगेतर को सिरफिरा धमकी दे रहा है। मामले की शिकायत पर मुकदमा कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

करारी इलाके की महिला ने बताया कि पांच महीने पहले उसकी बेटी की गोद भराई थी। कार्यक्रम में पश्चिमशरीरा के फताहीपुर गांव का धीरज पुत्र बैजनाथ भी आया था। उसने अपने मोबाइल में युवती की फोटो खींच ली। साथ ही उसका फोन नंबर भी हासिल कर दिया। इसके बाद फोन पर बात करने का दबाव बनाने लगा। नहीं बात करने पर अश्लील तस्वीर वायरल करने की धमकी दी। उलाहना दिए जाने पर आरोपी युवती के मंगेतर को धमका रहा है। कहता है कि शादी की तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। खुद युवती के साथ शादी करने के लिए कह रहा है। थाना प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि आरोपों की जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ट्रक की टक्कर से युवक की हालत गंभीर

कौशाम्बी। सराय अकिल क्षेत्र के कनैली गांव निवासी शिवचंद पुत्र हीरा रैदास सोमवार सुबह किसी काम से बाइक लेकर स्थानीय बाजार की ओर जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दिया। घटना में शिवचंद्र को गंभीर चोट आई। राहगीरों की मदद से उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया। मामले को लेकर पुलिस का कहना है, कि जांच किया जा रहा है।

हरे पेड़ों की कटान जोरों पर, वायरल आडियो से पुलिस महकमे में मचा हड़कंप

महगांव,कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के हर्रायपुर चौकी क्षेत्र में अवैध लकड़ी के कटान और कारोबारियों के सक्रिय होने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इन दिनों क्षेत्र में लकड़ी तस्कर की कथित आपसी बातचीत का एक ऑडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें हर्रायपुर चौकी प्रभारी पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

क्षेत्र में इन दिनों बेखौफ होकर हरे पेड़ों का अवैध कटान किए जाने की चर्चा है। सामने आए वायरल ऑडियो के बाद यह अंदेशा जताया जा रहा है कि इस अवैध कारोबार को तस्करों और स्थानीय स्तर पर संरक्षण मिल रहा है। ऑडियो में किए गए दावों के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और यह मामला इलाके में चर्चा का मुख्य विषय बन गया है। वायरल ऑडियो के सामने आने के बाद अब सबकी निगाहें उच्चाधिकारियों पर टिकी हैं। यह जांच का विषय है कि ऑडियो में लगाए गए आरोपों में कितनी सच्चाई है और इसके पीछे कौन-सी संलिप्त शक्तियां काम कर रही हैं। सूत्रों का कहना है कि यदि इस प्रकरण की निष्पक्ष और गहराई से जांच कराई जाए तो हर्रायपुर चौकी क्षेत्र में फल-फूल रहे अवैध लकड़ी के काले कारोबार और उससे जुड़े संपर्कों का बड़ा पर्दाफाश हो सकता है। इस संबंध में फिलहाल स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार किया जा रहा है।

दम्पती सहित तीन पर प्राण घातक हमला

कौशाम्बी। दंपती समेत तीन लोगों पर जानलेवा हमला किया गया। मामले की शिकायत पर मुकदमा कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

सराय अकिल थाना क्षेत्र के पड़रिया सुकवारा निवासी रुपचंद्र ने बताया कि पड़ोसी दबंगों से उसकी रंजिश है। इसे लेकर २४ अक्तूबर की रात वह गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर घर में घुसकर पिटाई शुरू कर दी। पीडित के मुताबिक, हमलावरों ने बीच-बचाव करने पहुंची उसकी पत्नी कौशल्या देवी व परिवार की रीना देवी को भी पीटा। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण पीडित वहीं बेहोश होकर गिर पड़ा। शोरगुल पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह कुनबे की जान बचाई। मामले में आरोपी वीरेंद्र, उसके भाई राहुल इनके परिवार के सोनू व ननकू के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा कायम किया गया है। थाना प्रभारी ज्ञान सिंह का कहना है कि घायलों का मेडिकल करा दिया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बाइक की टक्कर से जख्मी अधेड़ की मौत

कौशाम्बी। बाइक की टक्कर से घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

संदीपनघाट थाना क्षेत्र के मुजाहिदपुर गांव का रामकरन (५२) छह दिन पहले किसी काम से मूरतगंज स्टेट बैंक के समीप से चंदवारी मोड़ की तरफ जा रहा था। इस दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी थी। हादसे में रामकरन को गंभीर चोटें आईं थीं। घटना की जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने उसे एसआरएन प्रयागराज में भर्ती कराय था। रविवार की रात इलाज के दौरान वहां मौत हो गई। अधेड़ की मौत के बाद से परिवारीजनों के आंसू नहीं थम रहे हैं। थाना प्रभारी एनके नागर का कहना है कि टक्कर से बाद बाइक सवार वाहन समेत भाग निकला था। उसकी तलाश कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया है। घटना को लेकर मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

अजुहा में श्रद्धापूर्वक मनायी गयी महर्षि वाल्मीकि जयंती

कौशाम्बी। आदर्श नगर पंचायत अजुहा में महर्षि वाल्मीकि जयंती भक्तिभाव के साथ मनायी गयी। नगर पंचायत अध्यक्ष शांति देवी कुशवाहा एवं अधिशासी अधिकारी संजय सिंह के नेतृत्व में नगर पंचायत के कर्मचारियों ने वार्ड दो स्थित हनुमान मंदिर परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया। जयंती के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ हुआ। महर्षि वाल्मीकि के जीवन और उनके महान योगदान को याद किया गया। रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि ने अपने विचारों और रचनाओं के माध्यम से समाज को सत्य, धर्म, मर्यादा और सदाचार का संदेश दिया। उनका जीवन आज भी समाज को सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। नगर पंचायत के कर्मचारियों ने धार्मिक आयोजन में भाग लेकर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इस मौके पर संजय चंदेल, विनय कुमार, वीरेंद्र कुमार, राजेश कुमार, अनिल कुमार, बेनी प्रसाद, नरेंद्र, शिवकुमार राकेश कुमार शिव कुमार बुधराम गयादीन शिव शंकर राधेश्याम धर्मपाल गंगा प्रसाद लवलेश कुमार प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

नारद मोह की लीला में टूटा देवर्षि का अहंकार



करारी में रामलीला का मंचन करते कलाकार।

करारी,कौशाम्बी। करारी कस्बे की रामलीला में रविवार की रात नारद मोह की लीला का मंचन किया गया। कलाकारों ने देवर्षि नारद की तपस्या, अहंकार और भगवान विष्णु की लीला का सजीव मंचन कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। लीला के अनुसार, देवर्षि नारद को कठिन तपस्या करते देख देवराज इंद्र चिंतित हो गए। उन्होंने नारद की तपस्या भंग करने के लिए कामदेव को भेजा, लेकिन कामदेव अपने प्रयास में सफल नहीं हो सके। इस पर नारद को अपनी तपस्या पर अभिमान हो गया। उन्होंने ब्रह्मा और भगवान शंकर के सामने अपनी सफलता का बखान किया। दोनों ने उन्हें भगवान विष्णु के सामने इसका उल्लेख न करने की सलाह दी, लेकिन नारद ने उनकी बात अनसुनी कर दी। नारद का अहंकार दूर करने के लिए भगवान विष्णु ने माया की नगरी बसाई। वहां विश्वमोहिनी के स्वयंवर में नारद मोहित हो गए। उन्होंने भगवान विष्णु से सुंदर रूप देने की प्रार्थना की, लेकिन विष्णु ने उन्हें वानर का रूप दे दिया। स्वयंवर में अपना उपहास होते देख नारद क्रोधित हो गए और भगवान विष्णु को स्त्री वियोग में वन-वन भटकने का श्राप दे दिया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष संजय जायसवाल, रमेश शर्मा, बच्चा कुशवाहा, कमलेश अग्रहरि आदि लोग रहे।

एसडीएम पर गंभीर आरोप हाईकोर्ट पहुंचा मामला

कौशाम्बी। मंझनपुर एसडीएम राजकुमार मौर्य के खिलाफ अदालत में वाद दाखिल किया गया है। एसडीएम पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। निरोधात्मक कार्रवाई में जेल भेजने के मामले में एसडीएम के खिलाफ मोर्चा खोला गया है। मामले की शिकायत अधिकारियों से होने पर सोमवार को जमानत दी। इसी मामले को लेकर पीड़ित ने एसडीएम के खिलाफ उच्च न्यायालय में वादा दाखिल किया है।

पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के गोराजू निवासी प्रिंस विश्वकर्मा ने बताया कि २३ अक्तूबर गांव के ही एक व्यक्ति से विवाद हुआ था। आरोप है कि विपक्षी शराब के नशे में धुत होकर गाली-गलौज कर रहा था। इसी को लेकर मारपीट हुई थी। पीड़ित के मुताबिक, वह शिकायत लेकर थाने गया तो पुलिस ने उसे व उसके पिता अशोक विश्वकर्मा को ही बैठा लिया और निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया। हालांकि, पुलिस की ओर से एसडीएम कोर्ट भेजी गई चालानी में कहीं भी इस बात का जिक्र नहीं था कि यदि पीड़ित को जमानत दी गई तो शांति भंग होगी। आरोप है कि इसके बाद भी एसडीएम ने पीड़ित एवं उसके पिता को १४ दिन के लिए जेल भेज दिया। मामले की शिकायत अधिकारियों से होने पर सोमवार को जमानत दी। इसी मामले को लेकर पीड़ित ने एसडीएम के खिलाफ उच्च न्यायालय में वादा दाखिल किया है।

पुरानी रंजिश में युवक को पीटा, केस दर्ज

कौशाम्बी। पुरानी रंजिश में पड़ोसी ने युवक की पिटाई कर दिए। इस दौरान चीख पुकार सुन कर आस पास के लोग मौके पर पहुच गये। लोगों ने बीच बचाव किया तब जाकर युवक की जान बची। पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर कारवाई किए जाने की मांग किया। पुलिस ने पीडित की तहरीर को दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया।

मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ऊनो गांव निवासी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि रविवार की सुबह पड़ोसी शत्रुघ्न उसके भाई शैलेंद्र को गाली देने लगा। विरोध करने पर अपने बेटे आदित्य व परिवार के रामसुमेर तथा उसकी पत्नी रमा देवी के साथ मिलकर पिटाई कर दी। इस दौरान चीख पुकार सुन कर आस पास के लोग मौके पर पहुच गये, और बीच बचाव किए। तब जाकर युवक की जान बची,पीडित ने मामले की शिकायत पुलिस से किया। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने घायल का मेडिकल करा दिया है। थाना प्रभारी विनीत सिंह ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही है।

पेड़ काटने का विरोध करने पर महिला को दी धमकी,शिकायत

चायल,कौशाम्बी। पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के तेवारा गांव निवासी सुदामा देवी पत्नी बरई पटेल के मुताबिक उसके जमीन पर एक पुराना जामुन का पेड़ है। आरोप है कि सोमवार की सुबह पड़ोसी अपनी पत्नी और पुत्र के साथ पेड़ के पास पहुंचा और कुल्हाडियों से पेड़ को काटने लगा। यह देख उसके होश उड़ गये। उसने मौके पर जाकर उन सभी को पेड़ काटने से मना किया।

पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के तेवारा गांव निवासी सुदामा देवी पत्नी बरई पटेल के मुताबिक उसके जमीन पर एक पुराना जामुन का पेड़ है। आरोप है कि सोमवार की सुबह पड़ोसी अपनी पत्नी और पुत्र के साथ पेड़ के पास पहुंचा और कुल्हाड़ियों से पेड़ को काटने लगा।यह देख उसके होश उड़ गये। उसने मौके पर जाकर उन सभी को पेड़ काटने से मना किया। इसपर वह उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर वह मारपीट पर आमादा हो गये और धमकी भी दी। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। पीडिता ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

पड़ोसी ने मां-बेटी को पीटा,प्राथमिकी दर्ज

कौशाम्बी। मामूली बात को लेकर पड़ोसी ने मां बेटी की पिटाई कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कारवाई किए जाने की मांग किया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दिया।

करारी थाना क्षेत्र के म्योहर गांव की शशिकला देवी पत्नी दिनेश गौतम ने बताया कि २३ अक्तूबर की शाम वह अपने चबूतरे में मिट्टी लगा रही थी। इसी बात को लेकर पड़ोसी जवाहरलाल गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर पिटाई शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंची बेटी को भी पीटा। इलाज के बाद रविवार को पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दर्जिन का पुरवा में सड़क पर बह रहा गंदा पानी,लोग परेशान

कौशाम्बी। सिराथू तहसील के ग्राम सभा सयारा के मजरा दर्जिन का पुरवा स्थित सड़क पर लगातार गंदा पानी बहने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि पैदल चलने में भी दिक्कत होती है। वहीं, जलभराव और गंदगी के कारण आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है। जिससे बीमारियां फैलने का खतरा रहता है।

सिराथू तहसील के ग्राम सभा सयारा के मजरा दर्जिन का पुरवा स्थित सड़क पर लगातार गंदा पानी बहने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि पैदल चलने में भी दिक्कत होती है। वहीं, जलभराव और गंदगी के कारण आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है। जिससे बीमारियां फैलने का खतरा रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या से लंबे समय से परेशानी झेलते चले आ रहे हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों और ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों से मांग की है कि ध्वस्त नाली की मरम्मत कराकर जल निकासी की उचित व्यवस्था कराई जाए, ताकि सड़क पर जमा गंदे पानी और कीचड़ से निजात मिल सके।

२६६ वाहनों का ई-चालान, दी गयी हिदायत

कौशाम्बी। यातायात नियमों का पालन कराने के लिए रविवार को जिलेभर में सुबह से रात तक वाहन चेकिंग और जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस व यातायात टीमों ने प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर वाहनों की जांच की। इस दौरान पिकअप तथा ट्रैक्टर समेत मालवाहक वाहनों में अवैध रूप से सवारी बैठाकर ले जाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। ओवरस्पीड, हेलमेट, सीट बेल्ट और नंबर प्लेट की भी जांच हुई।

यातायात नियमों का पालन कराने के लिए रविवार को जिलेभर में सुबह से रात तक वाहन चेकिंग और जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस व यातायात टीमों ने प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर वाहनों की जांच की। इस दौरान पिकअप तथा ट्रैक्टर समेत मालवाहक वाहनों में अवैध रूप से सवारी बैठाकर ले जाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। ओवरस्पीड, हेलमेट, सीट बेल्ट और नंबर प्लेट की भी जांच हुई। नियमों का उलंघन करने पर कुल २६६ वाहनों का ई-चालान किया गया। वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा में चलने और नशे में वाहन न चलाये।

बेकाबू डम्पर ने युवक को रौंदा, मौत

कौशाम्बी। बेकाबू डंपर ने सोमवार की दोपहर सड़क पार कर रहे किसान को रौंद दिया। हादसे में गंभीर रूप से जख्मी युवक ने मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। घटना से पीडित परिवार में कोहराम मच गया है।

सराय अकिल थाना क्षेत्र के कनैली निवासी शिवचंद रैदास (३०) पुत्र हीरालाल रैदास खेतीबाड़ी करते थे। सोमवार की दोपहर वह किसी काम से स्थानीय चौराहा गए थे। वहां सड़क पार करते वक्त विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। डंपर का पहिया ऊपर से गुजरने के कारण शिवचंद गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों व परिजनों ने उन्हें गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। वहां इलाज के बाद मौत हो गई। घटना के बाद से परिवारीजनों के आंसू नहीं थम रहे हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ज्ञान सिंह ने बताया कि आरोपी चालक को डंपर समेत पकड़ लिया गया है। मुकदमा कायम कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

समितियों में खाद उपलब्ध कराने का उठाया मुद्दा

चायल,कौशाम्बी। तहसील क्षेत्र में सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट और खाद की समस्या को लेकर भाकियू अंबावता संगठन के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। आरोप लगाया कि कई बार अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराने के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। संगठन ने समस्याओं का समाधान नहीं होने पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

यूनियन के जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि ग्रामसभा चिल्ला शहबाजी में केमल के घर से रिघई, शिवबरन, ननका व कल्लू पासी के घर होते हुए कैथा तालाब तक जाने वाला मुख्य मार्ग बदहाल है। रास्ते में गड्ढे और कीचड़ होने से ग्रामीणों, स्कूली बच्चों व बुजुर्गों को आवागमन में परेशानी होती है। दावा किया कि रास्ता खराब होने के कारण एंबुलेंस और अन्य चार पहिया वाहनों के पहुंचने में भी दिक्कत होती है। ग्रामीणों की सुविधा के लिए मार्ग पक्का कराने के साथ दोनों तरफ नाली निर्माण की मांग की गई है। इसके अलावा पुरखास से बिगहरा उस्मानपुर, टीकरा बिगहरा व उमरावल होते हुए बड़ा पिपरहटा जाने वाली सड़क के



अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते भाकियू कार्यकर्ता ।

क्षतिग्रस्त होने का मुद्दा उठाते हुए पुनर्निर्माण की मांग की गई। हरदुआ खास में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदे गए रास्तों की मरम्मत कराने की मांग भी की गई है।नगर पंचायत चरवा के वार्ड संख्या तीन आंबेडकर नगर के चरवा खुर्द में मुन्ना सेन के घर से अश्वनी कुमार मिश्र के घर तक बंद स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने की मांग की गई। साथ ही चायल तहसील क्षेत्र के तीनों ब्लाक की सरकारी समितियों पर यूरिया व डीएपी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई, ताकि किसानों को रबी फसलों की बोआई में परेशानी न हो। इस बीच विनोद कुमार, प्रेमचंद, नन्हें तिवारी, समर सिंह, गोविंद नारायण मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार साहू, मुन्नालाल, अश्वनी कुमार, निर्मला देवी, राजकली, मालती देवी, कलावती, नीतू, बिट्टन देवी और विमला देवी आदि मौजूद रहे।

दो किशोरियों को किया अगवा, युवती फरार

कौशाम्बी। करारी थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति की नाबालिग की बेटी संदिग्ध दशा में लापता हो गई। पीड़ित का आरोप है कि सोनारन टोला मोहल्ले का मंजीत बहला-फुसलाकर उसे अगवा कर ले गया है। मामले की शिकायत पर मुकदमा कायम कर पुलिस ने आरोपित युवक एवं किशोरी की तलाश में जुट गयी है।

मिली जानकारी के अनुसार करारी थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी १५ साल की बेटी २४ अक्तूबर की सुबह संदिग्ध दशा में लापता हो गई। खोजबीन के दौरान पता चला कि सोनारन टोला मोहल्ले का मंजीत बहला-फुसलाकर उसे अगवा कर ले गया है। मामले की शिकायत पर मुकदमा कायम कर पुलिस ने आरोपी युवक व किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। वहीं, इसी क्षेत्र की एक महिला ने अपने रिश्तेदार आलोक निवासी चक सहाबुद्दीनपुर के खिलाफ अपनी १७ साल की बेटी को अगवा करने का मामला दर्ज कराया है। उसकी बेटी २४ अक्तूबर की रात गायब हुई थी। इसी तरह पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति का कहना है कि उसकी १९ साल की बेटी को रविवार की दोपहर चित्रकूट जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र के देवीपुर गांव का कैलाश बहला-फुसलाकर भगा ले गया। दोनों एक-दूसरे से प्रेम करते थे। पुलिस का कहना है, कि जांच किया जा रहा है, जल्द ही सुराग लगा लिया जायेगा।

सुंदरकांड पाठ के साथ मनायी गयी महर्षि वाल्मीकि जयंती

कौशाम्बी। महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर जनपद के हनुमान मंदिर, श्रीराम मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ रामायण पाठ एवं दीपदान का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए भगवान श्रीराम की महिमा का गुणगान किया तथा महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों, विचारों एवं शिक्षाओं का स्मरण किया। कार्यक्रम के दौरान रामायण पाठ के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, सत्य, धर्म, त्याग एवं कर्तव्यनिष्ठा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम के वार्ड संख्या ११ वृंदावन घाट स्थित प्राचीन शिवालय मंदिर में सोमवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया। श्रद्धालुओं ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद नगर पंचायत अध्यक्ष रागिनी अरुण केसरवानी और अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत के कर्मचारी, सभासद और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान महर्षि वाल्मीकि के जीवन और उनके आदर्शों को याद किया गया। महर्षि वाल्मीकि को रामायण के रचयिता और आदिकवि के रूप में जाना जाता है। उनकी रचना रामायण भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों, कर्तव्यनिष्ठा और मर्यादा का



सुंदर कांड़ का पाठ करते लोग

संदेश देती है। उनके विचार समाज में सत्य, सदाचार, त्याग और नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी की ओर से नगरवासियों एवं देशवासियों को महर्षि वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं दी गईं। वक्ताओं ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों को जीवन में अपनाकर समाज में सद्भाव, समानता और नैतिकता को मजबूत किया जा सकता है।

महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर जनपद के हनुमान मंदिर, श्रीराम मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ रामायण पाठ एवं दीपदान का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए भगवान श्रीराम की महिमा का गुणगान किया तथा महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों, विचारों एवं शिक्षाओं का स्मरण किया। कार्यक्रम के दौरान रामायण पाठ के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, सत्य, धर्म, त्याग एवं कर्तव्यनिष्ठा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों तथा सामाजिक समरसता की महत्वपूर्ण धरोहर है, जो समाज को सदाचार, आदर्श जीवन एवं मानवीय मूल्यों की प्रेरणा प्रदान करती है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महर्षि वाल्मीकि के विचारों एवं आदर्शों का प्रचार-प्रसार करना तथा समाज में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना को प्रोत्साहित करना रहा। रामायण पाठ के दौरान मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिकता का वातावरण बना रहा। इसी प्रकार जिले भर में लोगों ने मंदिरों में विधि विधान से पूजा अर्चना किए, और प्रसाद आदि का वितरण भी किए।